तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 30 नवंबर 2025



10 देश की गौरव बन गई है बेटियां: नंदनी



11 नारी शक्ति के सात रूपों पर विशेष चर्चा और...






## खबर संक्षेप

### बाईपास पर कार अनियंत्रित होकर पलटी, युवक की मौत

**भाटापारा।** ग्रामीण थाना टीआई लखेश केंवट ने जानकारी देते हुए बताया बीती रात में खोखली बाईपास पर एक कर क्रमांक सीजी 04 एनएच 1231 अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया है रात भर किसी को सूचना नहीं मिला सुबह सुबह थाना को सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर जाकर जांच पडताल शुरू की। मौके पर पूछताछ व जानकारी लेने पर पता चला कि दुर्घटना मे मृत व्यक्ति का नाम गोवर्धन जो पड़कीडीह थाना सुहेला का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि मृतक कार से अकेले हथबंद से लौट रहा था और उसकी कार अनियंत्रित होकर पलट गई रात्रि का समय होने के कारण उस मार्ग पर आवाजाही नही हुई जिसके कारण मृतक स्पाट पर ही रात भर घायल अवस्था मे पडा रहा ज्यादा लम्बे समय तक घायल व समय पर उपचार नही मिलने के कारण उसकी मौत हो गई पुलिस मर्ग कायम कर जांच कार्यवाही में लिया गया शव को पोस्ट मार्टम हेतु अस्पताल भेजा गया है।

### सुपरवाइजर घायल

**महासमुंद।** सड़क एक्सीडेंट में सुपरवाइजर के घायल होने के मामले में बसना थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी गुलाल सिंह टंडन निवासी ग्राम उड़ेला ने बताया कि वह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भंवरपुर में सुपरवाइजर के पद पर पदस्थ है। 19 नवंबर को वह अपनी बाइक सीजी 06 एचसी 3258 से ड्यूटी से वापस आ रहा था। बाइक के चालक द्वारा अपने मोटर सायकल को उपेक्षापूर्ण पूर्वक चलाते हुए उसकी बाइक को ठोकर मार दिया।

# हथबंद में दुकानदार से लूटपाट, पुलिस ने 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

विगत सोमवार को हथबंद बाजार में कपड़ा बेचने आए एक दुकानदार के साथ दो लूटेरों ने शाम 7:40 बजें गायत्री मंदिर के पास अंधेरे का फायदा उठाते हुए दुकानदार के साथ लूटपाट करते हुए मारपीट की घटना को अंजाम देकर धारदार हथियार से डराकर लगभग 8 से 10 हजार रूपये लूट कर फरार हो गए।

प्रार्थी सुरेश कुमार विधानी पिता हरूमल विधानी तिल्दा नेवरा की रिपोर्ट पर मामले गंभीरता को देखते हुए पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई जहां मुखबिर की सूचना प्रेम सांवरा उर्फ फेरू निवासी हथबंद को पकड़कर पूछताछ करने पर उसने बताया कि मेरे साथ लूटपाट करने में कार्तिक सांवरा उर्फ बेताड़ी पिता श्रवण सांवरा उम्र 20 वर्ष निवासी हथबंद अशोक सांवरा पिता रामकुमार सांवरा उम्र 29 वर्ष भी शामिल हैं ।

जिसे पुलिस ने पकड़कर सघन पुछताछ किया जिससे पता चला कि हथबंद में हुई चोरी में भी इनका और इनके अन्य साथियों का भी हाथ है। जानकारी मिलने पर पुलिस ने दीपक कुमार निषाद पिता स्व. रामचन्द्र निषाद उम्र 34 वर्ष निवासी हथबंद, सूरज पाल पिता गुहन पाल उम्र 20 वर्ष निवासी हथबंद, मेहतरू सेन पिता तुगन सेन उम्र 58 वर्ष निवासी हथबंद को पकड़कर पुछताछ किया। जहां उन्होंने अपना अपराध कबूल किया ।

## शातिर अपराधियों को पकड़ कर पुलिस ने निकाला जुलूस



### आरोपियों को लिया गया रिमांड पर

हथबंद थाना निरीक्षक केसी दास ने जानकारी में बताया कि चोरी और लूटपाट के मुख्य आरोपी को अभी पकड़ा गया है। जिनके पास से एक मोटर पंप, केबल वायर, दो गैस सिलेंडर जिसमें एक खाली व एक भरा, एक मोटर सायकल 10 हजार रूपये नगद तथा कान में पहनने वाला सोने का आभूषण आरोपियों के पास से जप्त किया गया है । पुलिस ने लूट एवं चोरी में शामिल 5 आरोपियों सहित चोरी का सामना खरीदने वाले को भी आरोपी बनाया है । पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग अपराध कायम कर विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। इससे पहले पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर लूट और चोरी के आरोप में पकड़े गए आरोपियों का जुलूस निकाल कर बाजार में भ्रमण कराया गया। ताकि नगर में एक संदेश पहुंचाया जा सके कि अपराध करने वालों की कैसी दुर्दशा होती है ।

# ज्वेलरी शॉप में चोरी का फरार आरोपी गिरफ्तार, लाखों के जेवर जब्त

**जय और धनेश पर चोरी का आरोप, 1,44,000 मूल्य के सोने-चांदी के जेवर बरामद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

- थाना सिटी कोतवाली और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने की सफल कार्रवाई

प्रार्थी रजनीश केसरवानी निवासी बलौदाबाजार द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह राजा सोना चांदी ज्वेलर्स दुकान का संचालक है। कि घटना दिनांक 16.11.2025 की दरम्यानी रात को अज्ञात आरोपी द्वारा उसकी दुकान के चैनल गेट में लगे ताला को तोड़कर, शटर उठाकर दुकान में रखे सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रकम 10,000 कुल कीमती 3,50,000 को चोरी कर



लिया गया है।

रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अ33/2025 धारा 351(4),305 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा एक आरोपी धनेश निषाद को गिरफ्तार कर 1,00,000 कीमत मूल्य का सोने चांदी का जेवर बरामद किया गया था, किंतु प्रकरण में शामिल अन्य आरोपी अभी भी फरार थे, जिनकी सरगर्मी से पता तलाश की जा रही थी।

### पुलिस की गिरफ्त में आरोपी, स्वीकारा अपराध

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली एवं सायबर सेल की संयुक्त पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए प्रकरण में संलिप्त फरार अन्य आरोपियों का लगातार पता तलाश किया जा रहा था। इसी बीच पुलिस टीम द्वारा आरोपी जय वर्मा को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर ज्वेलर्स दुकान में चोरी करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी से 44,000 कीमत मूल्य का चांदी का जेवर बरामद किया गया है। अभी तक की कार्रवाई में पुलिस टीम को 02 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए, कुल 1,44,000 कीमत मूल्य का सोने चांदी का जेवर बरामद करने में सफलता मिली है। प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 29.11.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

# 22 हजार नकद जब्त चार जुआरी हुए गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर 28 नवंबर की रात्रि थाना गिधौरी एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा डबरी तालाब के पास ग्राम गिधौरी में जुआ खेलते हुए 4 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी जुआरियों से नगदी रकम 21,550 एवं 52 पत्ती ताश जप्त किया गया है। आरोपी जुआरियों के विरूद्ध थाना गिधौरी में छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।

आरोपी जुआरी - 1. गुलाब टंडन उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम मुड़पार थाना बिलाईगढ़ जिला-सारंगढ़ बिलाईगढ़ 2. चंद्रकांत वैष्णव उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बलौदा थाना गिधौरी 3. बिजेंद्र वर्मा उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम गिधौरी थाना गिधौरी 4. अमित बंजारे उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम गिधौरी थाना गिधौरी।

## हरिभूमि

## जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

# सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 223. संतराम महिलांग पिता\पति राम दास पता- शारदा विहार म.न.178 नगर पंचायत माना कैम्प, 224. रितिका साहू पिता\पति रामचंद साहू पता - कटोरा तालाब रायपुर, 225. संतोष कुमार सोनी पिता\पति लोचन सोनी पता - मठपारा के पास गभरापारा, 226. भुनेश्वरी वर्मा पिता\पति खोमन लाल वर्मा पता– बिरगांव, 227. दीपक कुमार सेन पिता\पति जंतू राम सेन पता - तेलीबांधा रायपुर, 228. तरुण धनकर पिता\पति भारत धनकर पता - न्यू शांति नगर रामेश्वर मंदिर के पास शंकर नगर, 229. सुनीता निषाद पिता\पति स्व. मुन्ना लाल निषाद पता- सूरज नगर लभांडी, 230. गणेश्वरी पाल पिता\पति रूपराम पाल पता - शीतला चौक मठपारा रायपुर, 231.निखिल पाल पिता\पति जग्गू राम पाल पता - कृष्णा नगर रायपुर, 232. घनश्याम साहू पिता\पति श्री हरिहर प्रसाद साहू पता - डोमा सेजबहार रायपुर, 233. भोजेंद्र देवांगन पिता\पति राजेश कुमार देवांगन पता- तर्रा सुरसाबाँधा, 234. अपर्णा साहू पिता\पति भारत साहू पता- लाल बगीचा धमतरी, 235. महेंद्र कुमार पिता\पति गुहलेद राम पता- भोथली, 236. नेहा पिता\पति जय प्रकाश पता- संजय नगर शिक्षक कोलोनी कुरूद, 237. शिवभोला वैष्णव पिता\पति स्व.प्रेम दस वैष्णव पता- अर्जुनी डोंगरगांव, 238. लक्की पिता\पति थानेश्वर पता- भटगांव धमतरी, 239. शेषनारायण दास वैष्णव पिता\पति गोबिन्द दास वैष्णव पता- मुचेदंड खुर्सीटिकल राजनादगांव, 240. सैय्यद मोहम्मद अलीम पिता\पति सैय्यद मोहम्मद अली पता- बेमेतरा, 241. काविश पाण्डेय पिता\पति अभिषेक पाण्डेय पता- भानुप्रतापपुर, 242. मयंक कुमार पिता\पति दीपक कुमार सेन पता- नवागांव, 243 अर्नव वाकचौरे पिता\पति राजेश वाकचौरे पता- गुप्ता भवन, शांति नगर जगदलपुर, 244. चांदनी तांडी पिता\पति गजेन्द्र तांडी पता- कोमाखान महासमुंद, 245. तोरणराम नेताम पिता\पति स्व. निर्मेश नेताम पता-कोर्ट कॉलोनी कवर्धा, 246. भावना साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- लवन, 247. योगांत यादव पिता\पति राजेंद्र यादव पता- डी. एन. के. कोंडागांव, 248. गीता देवांगन पिता\पति द्वारिका प्रसाद देवांगन पता-भिलाई -3 रेलवे कॉलोनी -7, 249. पूर्णिमा बेहेरा पिता\पति राजेंद्र बेहेरा पता-भिलाई, 250. कल्याणी साहु पिता\पति स्व. हीरा राम साहु पता-पदुम नगर भिलाई -05, 251. भारती राव पिता\पति रमेश राव पता-खुर्शिपार भिलाई, 252. गुरमीत कौर भाटिया पिता\पति उजागर सिंह भाटिया पता-गुरुद्वारा रोड संतरा बाड़ी दुर्ग, 253. आर्या देशमुख पिता\पति संजय देशमुख पता- देशमुख बाड़ा स्टेशन रोड, 254. डाली देवांगन पिता\पति बालमुकुन्द देवांगन पता- शंकर नगर दुर्ग, 255. लक्ष्मी देशलहरे पिता\पति बी.डी. देशलहरे पता-प्लाट -33 भिलाई राधिका नगर, 256. हेमा श्रीवास पिता\पति सुनील कुमार श्रीवास पता- वार्ड न. -12 जवाहर नगर भिलाई 24/29, 257. बीना पिता\पति युगल किशोर पता- अंडा, **बिलासपुर संस्करण-** 258. माया त्रिपाठी, पिता/पति- राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी पता- सागर होम्स फेस 1, बिलासपुर 259. उमा शर्मा पिता/पति इंद्रध्वन तिवारी, पता- बिलासपुर 260. संगीता शर्मा, पिता/पति- रामशरण दुबे पता- कुदुदंड बिलासपुर, 261. सुशील कुमार शर्मा, पिता/पति- बहोरिक लाल शर्मा, पता- बिलासपुर 262. शांभवी दुबे पिता/ पति- मधुरंजन दुबे पता- मोपका बिलासपुर 263. ओंकार सिंह चंद्रा पिता/पति एस.एल.चंद्रा पता- बिलासपुर 264. श्रेयांश सूर्यवंशी पिता/पति- अशोक सूर्यवंशी पता- जरहाभाठा, राजींव गांधी चौक, बिलासपुर 265.बसंत बघेल पिता/पति- स्व.कपूर दास बघेल पता- कानन पेण्डारी, बिलासपुर 266. रानी अग्रवाल पिता/पति- संतोष कुमार अग्रवाल पता- तेलीपारा बिलासपुर 267. ममता सिंह राजपूत पिता/पति- विनोद राजपूत पता- मंगला बिलासपुर 268. अनंत कुमार पांडेय, पिता/पति- स्व. भास्कर पांडे, पता- एलआईजी 227, देवरीखुर्द, बिलासपुर 269.धनीलाल साकत पिता/पति- स्व. रामलाल साकत, पता- इंद्रा कॉलोनी, तारबाहर, बिलासपुर 270.रूचि यादव पिता/पति- कार्तिक राम यादव पता- बी.आर.यादव नगर, बहतराई, बिलासपुर 271.हरमीत कौर छाबड़ा पिता/पति-प्रीतम सिंह होरा पता-शिवाजी मार्ग, टिकरापारा बिलासपुर 272.सारंग पांडेय पिता/पति- संतोष पांडेय, पता- बिलासपुर,273. नारायणी साहू पिता/पति- रामकुमार साहू, पता- देवरीखुर्द बिलासपुर 274. कोमल वर्मा पिता/पति- धर्मेन्द्र कुमार वर्मा पता- कालिका नगर तिफरा, बिलासपुर 275. खिलेश साहू पिता/पति- रामनारायण, पता- श्याम नगर लिंगियाडीह बिलासपुर 276. प्रज्ञा यादव पिता/पति- ऋषिकांत यादव, पता- हांफा जिला बिलासपुर 277. ज्योति गुप्ता पिता/पति- आनंद कुमार गुप्ता, पता- दयालबंद बिलासपुर 278. दीपक जायसवाल पिता/पति- रामकृष्ण जायसवाल, पता- देव नगर कोनी, जिला बिलासपुर 279. गंगा शुक्ला पिता/पति- दिनेश शुक्ला पता- करबला रोड बिलासपुर 280. केदारनाथ शुक्ला पिता/पति- सचेतराम गुप्ता पता- लखराम, जिला बिलासपुर, **भोपाल संस्करण-** 281. छोटी बाई बंजारा पिता\पति - रामचरण बंजारा पता- सुंदरपुरा पोस्ट उकावद तहसील मकसूदनगढ़ गुना, 282. लाली गौर पिता\पति - नीलेश गौर रहटगांव, 283. ममता राजपूत पिता\पति - कैलाश सिंह पता- राजपूत रायसेन, 284. उपेन्द्र सिंह राठौर पिता\पति -बिसोनिया पता- राजगढ़, 285. लक्ष्मीनारायण साहु पिता\पति- रमेश कुमार साहु 199 शंकर नगर पलासी करोद, 286. प्रियंका पाण्डेय पिता\पति - राजकुमार पाण्डेय 608 मुरली नगर, 287. स्वीटी यादव पिता \पति - राधेश्याम यादव पीपल चौराहा करोद, 288. मेघा मालवीय पिता\पति –धनी राम राहुल नगर हर्षवर्धन नगर, **जबलपुर संस्करण-** 289. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 290. महेश कुमार श्रीवास्तव पिता\पति- कंचन सिंह श्रीवास्तव छपारा जिला सिवनी, 291. आदिल खान पिता\पति - सुमिर मोहम्मद छपारा सिवनी, 292. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 293. हंर्षराज जैन पिता\पति - रजनीश कुमार जैन कोतमा अनूपपुर, 294. काजल यादव पिता\पति - दुर्गा प्रसाद यादव गोविंद गोविंद गांव वार्ड नंबर 11 कोतमा अनूपपुर, 295. पूर्णिमा सोनी पिता\पति- कैलाश प्रसाद सोनी बिजली अनूपपुर, 296. तनिष्का चतुर्वेदी पिता\पति- H.K चतुर्वेदी अनूपपुर।

नियम एवं शर्ते लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**





# मुड़पार सरसीवां में डॉ. भीमराव आंबेडकर की भव्य प्रतिमा का अनावरण

## संविधान दिवस पर शिक्षा और सामाजिक न्याय के प्रतीक को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां

संविधान दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर 26 नवंबर 2025 को पेंशनबाड़ा छात्रावास परिसर रायपुर में संविधान निर्माता, महान समाज सुधारक और मानवाधिकारों के विश्व-प्रसिद्ध विद्वान, भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर की भव्य प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेवानिवृत जिला शिक्षा अधिकारी करमन खटकर, विशिष्ट अतिथि तुलेंद्र सागर प्राचार्य स्कूल शिक्षा विभाग, जिला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग टीकवेंद्र जाटवर, डॉ भेख लाल सोनकर प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, कुंदन बंजारे उपसंचालक खनिज विभाग रायपुर तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ विनोद टंडन कमाण्डेड, सीआरपीएफ एवं दीन दयाल बघेल व्याख्याता की गरिमामय उपस्थिति में प्रतिमा का अनावरण किया गया। मुख्य अतिथि के खटकर द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया गया । कार्यक्रम में छात्रावास के उक्त पूर्व छात्र और वर्तमान छात्र उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन दीन दयाल बघेल, डॉ विनोद टंडन एवं डॉ गणेश बंजारे ने किया । मुख्य अतिथि ने प्रतिमा का अनावरण करते हुए कहा कि डॉ. अम्बेडकर केवल संविधान के निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के क्रांतिकारी पुरोधा थे। उनका जीवन हमें शिक्षा, संघर्ष और समावेशी समाज की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। यह प्रतिमा हम सभी को समानता और न्याय के मार्ग पर दृढ़ता से चलने की याद दिलाती रहेगी।






### अम्बेडकर के योगदानों को किया रेखांकित

वक्ताओं ने डॉ. अम्बेडकर के शिक्षा, आर्थिक समानता, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनके अद्वितीय योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने संकल्प लिया कि वे संविधान की मूल भावना का सम्मान, समाज में सद्भाव, समानता और भेदभाव-मुक्त वातावरण स्थापित करने का प्रयास तथा आने वाली पीढ़ियों को डॉ. अम्बेडकर के विचारों से अवगत कराएंगे। कार्यक्रम की रुपरेखा एवं प्रतिमा अनावरण के स्वप्न दृष्टा डॉ विनोद टंडन ने आभार व्यक्त कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की ।

## खबर संक्षेप

### एक्सीडेंट में युवक की मौत, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** एक्सीडेंट में युवक की मौत के मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक धनंजय पिता दिलीप मिरी निवासी खट्टी महासमुंद हर्ष केशर के पास अपनी ट्रैक्टर में गिट्टी लोड कर पर्ची बनाकर लौट रहा था, इसी दौरान पीछे से टाटा आइसर क्रमांक सीजी 06 जीजी 3286 के चालक के द्वारा अपने वाहन को तेजी व लापरवाहीपूर्वक पीछे करते हुए मृतक को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिसे मृतक के सिर, दाहिने पैर आदि जगह गंभीर चोट लगी। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन रायपुर में शनिवार को हुआ

**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के मुकेश चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नवा रायपुर अटल नगर स्थित सत्य साईं संजीवनी अस्पताल में आयोजित समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान, उन्होंने 'दिल की बात' कार्यक्रम के तहत दिल की बीमारी से जूझने वाले और सफल इलाज करा चुके बच्चों से मुलाकात की। कार्यक्रम में पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने भगवान सत्य साईं बाबा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## 730 युवाओं ने सीखी डिजिटल बैंकिंग, सुरक्षित लेनदेन और साइबर सुरक्षा वित्तीय साक्षरता

# साइबर धोखाधड़ी से बचाव में जिला अर्थशाला ने दर्ज की उल्लेखनीय सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वर्तमान समय में साइबर धोखाधड़ी और वित्तीय ठगी की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। आम नागरिकों को इन खतरों से बचाने और उन्हें वित्तीय रूप से जागरूक बनाने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। इसी दिशा में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में कलेक्टर दीपक सोनी की पहल पर जिला-स्तरीय अर्थशाला (फाइनेंस लैब)। यह फाइनेंस लैब आम नागरिकों को साइबर खतरों से बचाव,आधुनिक वित्तीय प्रणाली, सुरक्षित लेनदेन के तरीके, डिजिटल बैंकिंग के उपयोग से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान कर रही है।

जिला फाइनेंस लैब पंडित चक्रपाणि शुक्ल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में 2 नवम्बर नवम्बर 2025 से संचालित है। एक महीने से भी कम समय में लगभग 730 युवा इस फाइनेंस लैब से जुड़ चुके हैं जो इसकी सफलता को परिलक्षित करता है। इस लैब के माध्यम से वित्तीय अवधारणाओं को समझने और सुरक्षित एवं जिम्मेदार वित्तीय व्यवहार विकसित करने के प्रति युवाओं में रुचि बढ़ी है।






### फाइनेंस लैब की मुख्य उद्देश्य

फाइनेंस लैब का मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं को व्यावहारिक वित्तीय शिक्षा से जोड़ना है। आज के समय में केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है — वित्तीय साक्षरता और व्यावहारिक समझ भी उतनी ही आवश्यक है। इसी सोच के साथ फाइनेंस लैब को इस प्रकार तैयार किया गया है कि छात्र, युवा और जिले के नागरिक खेलों, गतिविधियों और नवाचार आधारित प्रशिक्षण के माध्यम से वित्तीय अवधारणाओं को आसानी से सीख सकें।

### फाइनेंस लैब के लाभ

नागरिक सही वित्तीय और डिजिटल लेनदेन के तरीके सीख सकेंगे। साइबर फ्रॉड, फ्रिशिंग, एटीएम स्कैम और फर्जी निवेश जैसे जाल से बचाव में मदद मिलेगी। लोग सही निवेश और वित्तीय प्रबंधन सीख सकेंगे।वित्तीय साक्षरता से ग्रामीण और शहरी दोनों समुदायों को मजबूती मिलेगी।युवाओं को नई तकनीक एवं सुरक्षित वित्तीय सेवाओं से जुड़ने के अवसर मिलेंगे।बलौदाबाजार की यह पहल पूरे देश के लिए एक अनुकरणीय मॉडल बनेगी।

### फाइनेंस लैब की अवधरणा

यह एक ऐसा समर्पित स्थान या प्लेटफॉर्म है जो छात्रों, निवेशकों या आम जनता को वास्तविक जीवन के वित्तीय परिदृश्यों और उपकरणों के साथ अभ्यास करने का अवसर देता है। यह बजट बनाने, बचत करने, बीमा लेने और निवेश करने के बारे में सूचित और विचारशील निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ावा देता है।वित्तीय धोखाधड़ी की पहचान और आर्थिक नियोजन जैसे जीवन-भर काम आने वाले कौशल सीख सकते हैं।फाइनेंस लैब में बिजनेस और स्टार्ट अप में रुचि लेने वाले विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए लक्ष्य क्रक्ष, आकांक्षा क्रक्ष, उड़ान क्रक्ष इत्यादि निर्मित है जहाँ हर ज़रूरी पहलू पर युवाओं का मार्गदर्शन किया जाएगा।यहाँ ग्रुप एक्टिविटीज के माध्यम से ऑक्शन प्रक्रिया की भी जानकारी मिलेगी। ग्रामीण अंचल के युवाओं को वित्तीय साक्षरता प्रदान करने के लिए काफ़ी फायदेमंद है ।

# वाटरशेड महोत्सव में पानी पाठशाला सहित विविध कार्यक्रमों का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जलग्रहण विकास कार्यों में जनभागीदारी बढ़ाने हेतु वाटरशेड महोत्सव' का आयोजन बुधवार को कसडोल में किया गया।वाटरशेड महोत्सव आयोजन के दौरान माइक्रो वॉटरशेड मटिया में पानी की पाठशाला, संविधान शपथ, प्रभात फेरी, श्रमदान अंतर्गत साफ़-सफ़ाई, लोकार्पण, वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य रामकुमार टंडन, वाटरशेड कमेटी के अध्यक्ष, सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

परियोजना अधिकारी द्वारा जल ग्रहण प्रयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात जनप्रतिनिधियों के द्वारा वाटरशेड महोत्सव तथा जलग्रहण के विकास कार्यों की सराहना करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। बताया गया कि वाटरशेड महोत्सव में उत्कृष्ट रिले प्रतियोगिता में रील श्रेणी के विजेता को 50,000 रुपए तथा फोटोग्राफी श्रेणी के विजेता को 1,000 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता 31 दिसंबर 2025 तक आयोजित होगी।

प्रतिभागी जल संचयन संरचनाओं, बागवानी, कृषि वानिकी, सहित अन्य वाटरशेड योजनाओं के अंतर्गत निर्मित संरचनाओं एवं उनके लाभों पर आधारित 30–60 सेकंड की रील,वीडियो बना सकते हैं।

**ये रहे उपस्थितः** कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी नारद कुमार भारद्वाज, तकनीकी विशेषज्ञ शुभम किंडो, सर्वेयर गेस राम, डब्ल्यूटी शदीपक सिंह चौहान, सालिक राम यादव,सरिता साहू,रिखी राम वर्मा एवं समस्त वाटरशेड समिति सचिव एवं स्व सहायता समूह के. सदस्य उपस्थित रहे।

# देश की गौरव बन गई है बेटियांः नंदनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर पलारी में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के योजना अनुसार सप्त शक्ति संगम मातृ सम्मेलन का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों द्वारा मा भारती, ओम व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नंदनी चंद्राकर, अध्यक्षता मंजू वर्मा ने की, मुख्य वक्ता के रूप में मीना साहू, टुकेश्वरी वर्मा रहीं।

कार्यक्रम में टुकेश्वरी वर्मा ने माताओं को कही कि आज माता बहनें सभी क्षेत्रों में अग्रणी है किन्तु भारतीय गौरव और परंपरा को भूलती जा रही है जिस कारण परिवार में बिखराव आ रहा है। संतान दिग्भ्रमित हो रहे हैं। गीता में नारी के सात गुण बताए हैं।वे सातों गुण हममें विद्यमान है बशर्ते उन्हें जागृत करने बस की देंर है। हम अपने सात गुणों का सही तरीका से उपयोग करें तो समाज में बहुत बड़ा बदलाव ला सकते हैं।

- पलारी में मातृ सम्मेलन का आयोजन

**पर्यावरण संरक्षण की ओर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकताः मीना साहू :** मीना साहू ने कहा कि हमें कुटुम्ब प्रबोधन व पर्यावरण संरक्षण की ओर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। यदि परिवार एक साथ रहें तो बड़ी से बड़ी समस्या का हल निकल सकता है। मुख्य अतिथि चंद्राकर ने अपने पुराने दिनों का स्मरण दिलाते हुए कहा कि एक समय था कि लड़कियों को पढ़ने नहीं दिया जाता था और आज वो कहां से कहां पहुंच गई है,चाहे कोई भी क्षेत्र हो देश की गौरव बन गई है हमारी बेटियां ऐसे बहुत से उदाहरणों से अपनी बात को रखी। श्रीमती वर्मा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि माना समाज पुरुष प्रधान है किन्तु महिला चाहे तो बहुत कुछ कर सकती हैं। उन्हें घर से बाहर निकलने की जरूरत है हिम्मत दिखाने की जरूरत है।

विद्या भारती द्वारा माताओ की जागृति के लिए ही ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन यामिनी वर्मा तथा आभार व धन्यवाद ज्ञापित संस्था के प्राचार्य राकेश तिवारी ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में माताए समस्त भैय्या व बहने तथा आचार्यगण उपस्थित थे।

# तिरंगा यात्रा और बौद्धिक परिचर्चा ने भरा उत्साह




**हथबंद** । शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथबंद में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा ग्राम पंचायत भैंसा में आयोजित सात दिवसीय आवासीय शिविर के चौथे दिन ग्राम पंचायत भैंसा के सरपंच हरीश वैष्णव के नेतृत्व में स्वयंसेवकों के साथ जोशीला नारों के साथ तिरंगा यात्रा निकली गई एवं चौथे दिन की बौद्धिक परिचर्चा में एस बी आई सिमगा के ब्रांच मैनेजर मोहम्मद शेख आदिल ने स्वयंसेवकों को साइबर अटैक, डिजिटल अरेस्ट, जैसे घटनाओं की जानकारी देकर सचेत रहने की अपील की ।प्रजापति ब्रम्हकुमारी तिल्दा की प्रियंका दीदी ने स्वयंसेवकों को आध्यात्मिक जानकारी देकर जीवन जीने की कला बताई। सरपंच वैष्णव ने बौद्धिक में आए अतिथियों का आभार व्यक्त किया एवं आगामी दिनों में प्रजापति ब्रम्हकुमारी के दीदियों के मार्गदर्शन में विशाल कार्यक्रम आयोजित करने हेतु आमंत्रित किया । योग शिक्षक एवं कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी के द्वारा सुबह 4 बजे से 6 प्रतिदिन योग, ध्यान, प्राणायाम, के अंतर्गत दंड बैठक , सूर्यसंदकार, भुजंग आसान, कपालभाति, अनुलोम भ्रामरी का फायदा बताते हुए अभ्यास कराया जाता है।

# राजस्व मंत्री ने किया करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदबाजार

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने शनिवार को नगर पंचायत टुण्ड्रा में विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का सौगात दिये। हायर सेकेण्डरी स्कूल खेल मैदान में आ यो जि त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने 71.12 लाख रुपये की लागत से निर्मित तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण एवं 1 करोड़ 21 लाख रुपये की लागत से बनने वाले हायर सेकेंडरी स्कूल भवन का शिलान्यास किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने सरकार की उपलब्धियों एवं कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में विकास की बयार बह रही है। चारों तरफ विकास के कार्य निरंतर चल रहे हैं। किसान, महिला, युवा, व्यापारी सभी वर्गो में ख़ुशी की लहर है। इन विकास कार्यों से क्षेत्र की प्रशासनिक दक्षता, शिक्षा सुविधाओं तथा आधारभूत संरचना में उल्लेखनीय सुधार आएगा। इस दौरान स्थानीय प्रतिनिधियों की मांग पर तहसील कार्यालय परिसर में बाउंड्रीवाल निर्माण की घोषणा भी की। कार्यक्रम में किसानों को स्वामित्व कार्ड का वितरण भी किया गया।इस अवसर पर सांसद जांजगीर-चांपा कमलेश जांगड़े, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

- नपं टुण्ड्रा में तहसील कार्यालय और हाई सेकेंडरी स्कूल के निर्माण से मिले नई सुविधाएं





## जिला अस्पताल बलौदाबाजार बना देश का दूसरा क्वालिटी सर्टिफाइड लैब

# गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं मे जिले ने हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बलौदाबाजार भाटापारा जिले ने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। जिला अस्पताल बलौदाबाजार की इंटिग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब को भारत सरकार के नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर का गुणवत्ता प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है।

बलौदाबाजार की इंटिग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब देश एवं राज्य की द्वितीय प्रमाणित लैब बनी है। यह उपलब्धि जिले में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और वैज्ञानिक मानकों पर आधारित लैब सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण को प्रमाणित करती है। जिले को मिली इस उपलब्धि के लिये जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं कलेक्टर दीपक सोनी ने बधाई दी है।



आईपीएचएल का हुआ मूल्यांकन

बलौदाबाजार की आईपीएचएल का मूल्यांकन 11 सितंबर को किया गया। टीम ने लैब की कार्यप्रणाली, मरीज केंद्रित सेवाएँ, गुणवत्ता नियंत्रण, समयबद्ध रिपोर्टिंग और सुरक्षा प्रक्रियाओं की गहन समीक्षा की। मूल्यांकन उपरांत बलौदाबाजार आईपीएचएल को 88% स्कोर के साथ प्रमाणन प्राप्त हुआ। यह स्कोर स्वास्थ्य गुणवत्ता के राष्ट्रीय मानकों में उत्कृष्ट श्रेणी में आता है। बलौदाबाजार की भी सेवा गुणवत्ता के मामले में तेजी से उभरती हुई लैब है। यहां प्रतिदिन 1,000 से 1,200 जांचें की जाती हैं और 100 से अधिक प्रकार की लैब टेस्टिंग उपलब्ध है। लैब में अत्याधुनिक उपकरणों, प्रशिक्षित तकनीशियनों और समयबद्ध रिपोर्टिंग की वजह से जिले के हजारों मरीजों को बड़ी राहत मिल रही है। ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों के मरीजों को अब जांच के लिए शहर या निजी लैब्स में जाने की जरूरत नहीं पड़ती।

### सभी प्रकार की जांच सुविधाएं उपलब्ध कराना है उद्देश्य

इंटिग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब की अवधारणा का मूल उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मरीजों को एक ही छत के नीचे पैथोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री और माइक्रोबायोलॉजी से संबंधित सभी प्रकार की जांच सुविधाएं उपलब्ध हों। इससे न केवल जांच की गति और विश्वसनीयता बढ़ती है, बल्कि लोगों को महंगी निजी जांच लैब्स पर अनावश्यक निर्भरता से भी राहत मिलती है। एकीकृत मॉडल होने के कारण, मरीजों को एक ही स्थान पर किफायती और सटीक जांच रिपोर्ट उपलब्ध हो पाती है। के मानकों में साफ-सफाई, सुरक्षा, रोगी संतुष्टि, रिकॉर्ड प्रबंधन, तकनीकी गुणवत्ता, उपकरण कैलिब्रेशन, बायो-मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट और स्टाफ क्षमता निर्माण जैसे बिंदुओं का कड़ाई से पालन अनिवार्य है। दोनों लैब्स ने इन सभी मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि अर्जित की है।

# गांव की बहू बनी गांव के स्कूल की प्राचार्य

**पलारी।** विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत दतान प के स्व रमेश वर्मा शिक्षक की बहू संजू वर्मा की धर्मपत्नी उमा वर्मा ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान प में पदभार ग्रहण की। वे सेवानिवृत्त व्याख्याता यादव भूषण वर्मा खम्हरिया की सूपूत्री है। विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों ने नवपदस्थ प्राचार्य का पुष्पहार पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

व्याख्याता डॉ कोमल वैष्णव ने कहा कि यह एल बी संवर्ग शिक्षकों के लिए ऐतिहासिक क्षण है काफी लंबे संघर्ष के पश्चात प्राचार्य पद पर पदोन्नति संभव हो सका है। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि आज मेरे माता-पिता का सपना पूरा हुआ इस पद को प्राप्त कर मैं धन्य हुई सभी बच्चों को अनुशासन में रहकर विद्याध्ययन करने के लिये तथा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए मार्गदर्शन दिए।



**इन्होंने दी शुभकामनाएंः** उनके प्राचार्य बनने पर शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष साधराम बार्ले जनपद पंचायत सभापति जामवंती नीलकमल साहू, सरपंच प्रतिनिधि पुरषोत्तम फेकर, उपाध्यक्ष केसरी वर्मा, कुंवर रजक, लालकुमार यादव, हेमकुमार साहू, उपसरपंच नरोत्तम यादव, दुलारी सेन, हेमंत वर्मा, दशरथ चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि मोहन ध्रुव, मनोज वर्मा, डॉ कोमल वैष्णव, अरविंद धूव, पीके साहू, रविशंकर साहू, देवेन्द्र लहरे, विजय कुर्रे, ललित वर्मा, रश्मि ठाकुर, योगेश्वरी धुरंधर, पूजा जायसवाल, महेश्वरी वर्मा, गीतिका प्रधान, गीता श्रेय, योगेश वर्मा, सुदेश विश्वकर्मा, कोसले सर आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## खबर संक्षेप



### सचिव संघ ने किया नए सीईओ का सम्मान, पुराने को दी गई विदाई

**सिमगा ।** जनपद पंचायत सिमगा में नव पदस्थ सीईओ सीपी मनहर का स्वागत एवं पुराने सीईओ अमित दुबे का विदाई समारोह का आयोजन सिमगा के सचिव संघ द्वारा किया गया। कार्यक्रम जनपद पंचायत सभागार में आयोजित किया गया। सचिव संघ द्वारा दोनों सीईओ का शाल श्रीफल देकर सम्मान किया गया साथ ही उपहार भी दिया गया। सचिव संघ के पदाधिकारियों ने पुराने सीईओ अमित दुबे के साथ अपने कार्यों का बखान करते हुए उनके साथ किए गए कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और अपने अनुभव साझा किए। उक्त कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि आनंद बंजारे, मंडल अध्यक्ष नारायण साहू, एडिशनल सीईओ गेंडरे, आर बी पाण्डेय, हरिचन्द्र साहू, सचिव संघ अध्यक्ष जोहन दास भारती, सचिव राजेश बंजारे, सुरेश कुमार, अमरनाथ मनहरे, वीरेंद्र साहू, अवध साहू, कैलाश गोस्वामी, ठगन बारले, मुकेश निषाद, यशवंत तिवारी, मालिक राम साहू आदि उपस्थित हुए।

### वाटरशेड महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

महासमुंद। महासमुंद में वाटर शेड महोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके तहत 27 नवम्बर को वाटरशेड समिति बावनकेरा विकासखंड महासमुंद, 28 नवंबर को वाटरशेड समिति चौकबेड़ा एवं 29 नवंबर को वाटरशेड समिति जबलपुर विकासखंड पिथौरा में आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान महिला स्व-सहायता समूह के सदस्यों व ग्रामीणणों द्वारा श्रमदान, प्रभात फेरी निकली गई तथा स्कूली बच्चों द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, पानी की पाठशाला, पानी की बचत के लिए शपथ, प्रश्नोत्तरी, भाषण, नाट्य कला, पारंपरिक खेलकूद का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विकासखंड महासमुंद परियोजना के मुख्य अतिथि के रूप में दिशा दीवान अध्यक्ष जनपद पंचायत, जनपद सदस्य धनेश गायकवाड़, सरपंच गोपाल सिंह ध्रुव, उपसरपंच द्रोण चंद्राकर तथा जगमोती दीनदयाल भोई, श्याम लाल, नित्यानंद सरपंच, हरप्रसाद पटेल, अभिमन्यु प्रधान भाजपा के हितेन्द्र परघनिया, भीमराव घोड़ेसवार एवं सचिव व डब्ल्यूडीटी कर्मचारी उपस्थित थे।

# 13 दिसंबर को आयोजित होगी अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत 2025

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में वर्ष 2025 की अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसंबर को आयोजित होगी, जिसके संबंध में माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष अब्दुल जाहिद कुरैशी के द्वारा जिला न्यायालय बलौदाबाजार में आगामी नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर के संबंध में न्यायाधीशगण एवं समस्त विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक में सचिव, अमिता जायसवाल, प्रथम अपर न्यायाधीश राकेश कुमार वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गिरिश पाल एवं पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, अपर कलेक्टर दीप्ती गोटे एवं अन्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे है।

## लोक अदालतों के माध्यम से दिवानी और आपराधिक मामलों का त्वरित समाधान संभव

**खास बातें**

- जनसामान्य को विवाद निपटान का अवसर, न्यायाधीशगण और विभागीय अधिकारियों ने की तैयारियों की समीक्षा



### भाटापारा, कसडोल व सिमगा में खंडपीठ का गठन

13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत की खंडपीठ जिला एवं सत्र न्यायालय में बनेगी साथ ही व्यवहार न्यायालय भाटापारा, सिमगा, कसडोल में भी खंडपीठ का गठन किया गया है, इसके अलावा राजस्व एवं तहसील न्यायालय में भी खंडपीठ का गठन किया गया है। लोक अदालत में आने वाले पक्षकारों के लिये न्यायालय परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था जिला अस्पताल के समन्वय से किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार का जनसामान्य से यह अपील है कि नेशनल लोक अदालत में सकिय सहभागिता लेकर उसका लाभ प्राप्त करे जिससे नेशनल लोक अदालत के उद्देश्यों की पूर्ति हो सके।

### नेशनल लोक अदालत के प्रकरणों का दायरा

लोक अदालतें वैकल्पिक विवाद समाधान के लिये एक मंच है जिसका उद्देश्य विवादों को आपसी समझौते से निपटाना है, बिना लंबी कानूनी प्रक्रिया के। लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, दिवानी मामलें, चेक बाउंस के गागले, धन वसूली के मामले मोटर दुर्घटना दावा, ट्रैफिक चालान का निराकरण होगा, साथ ही ऐसे मामले जो न्यायालय में प्रस्तुत नहीं हुआ है प्री-लिटिगेशन के माध्यम से निराकरण किया जायेगा जो बैंक वसूली, विद्युत बकाया, जल एवं संपत्ति कर बकाया टेलिफोनिक बिल इत्यादि। जिला न्यायालय के अतिरिक्त राजस्व न्यायालय एवं तहसील न्यायालय में लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा।

## आयोजन : संस्कार केंद्र गहिरागुरु में हुआ 'सप्त शक्ति संगम' कार्यक्रम

# नारी शक्ति के सात रूपों पर विशेष चर्चा और सामाजिक जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

विद्या भारती सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर खरोरा के द्वारा संचालित संस्कार केंद्र वार्ड क्रमांक- 11 गहिरागुरु संस्कार केंद्र में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर दीप मंत्र एवं वंदना से हुआ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुनीता सोनी अध्यक्ष नगर पंचायत खरोरा, विशिष्ट अतिथि मंटोरा सागरवंशी, अध्यक्षता शतरूपा यादव संस्कार केंद्र संरक्षिका एवं भूमि दाता, अतिथि लीला देवांगन पार्षद वार्ड क्रमांक -10 , अंबिका बंछोर पार्षद वार्ड क्रमांक -14, मुख्य वक्ता कंचन वर्मा एवं सीमा पंसारी दीदी रही सप्तशक्ति कार्यक्रम के तहत वक्ता कंचन वर्मा के द्वारा नारी के सात रूप श्री, वाक, स्मृति ,मेधा ,धृति ,कीर्ति, क्षमा को परिवार का आधार बताया गया।

उन्होंने सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य बोध एवं कुटुंब प्रबोधन को राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण अंग बताया। वक्ता सीमा पंसारी ने भारत के विकास में महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाएं अपनी इन शक्तियों के बल पर अपने परिवार समाज एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकती हैं लेकिन इन सब के लिए महिलाओं को अपनी शक्तियों को जागृत करना होगा । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुनीता सोनी एवं अतिथि अंबिका बंछोर ने अपने उद्बोधन में नारी शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में गीत, स्वागत नृत्य, वेशभूषा (रानी, लक्ष्मीबाई, मार्ग्रेट निवेदिता, जीजाबाई ,पद्मावती ) एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## उत्कृष्ट माताओं का सम्मान और गीत, नृत्य एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन



### उत्कृष्ट कार्य करने वाली माता का सम्मान

कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली माता का सम्मान किया गया जिसमें मंटोरा सागरवंशी जिन्होंने 600 से अधिक महिलाओं का निशुल्क जजकी कार्य, शतरूपा यादव संयुक्त परिवार की उपलब्धि एवं पुष्पा यादव महिला समूह की प्रमुख का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्णिमा पाटकर ने किया कार्यक्रम में लगभग 50 मातृ शक्तियों ने भाग लिया । कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य /दीदियों का सहयोग रहा।

# 1497 किसानों से 16 करोड़ की धान खरीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 15 नवंबर से समर्थन मूल्य धान खरीदी की शुरुआत से आज तक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर खरोरा शाखा के अंतर्गत 16 उपार्जन केंद्रों में 1497 किसानों से कुल 15 करोड़ 88 लाख 15935 रुपए की खरीदी किया गया है। जिसमें 4 करोड़ 55 लाख 19284 रू की ऋण वसूली तथा 11 करोड़ 32 लाख 96651 रुपए का भुगतान किया गया है।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा खरोरा के शाखा प्रबंधक भारत साहू ने जानकारी देते हुए कहा कि समर्थन मूल्य धान खरीदी में बैंक की शाखा के अंतर्गत 14 समिति जिसमें धान बेचने वाले किसानों की संख्या 1497 जिसमें मोटा धान 16,368.8 क्विंटल, पतला धान 4528.8 क्विंटल, एवं सरना धान 50,654.40 क्विंटल धान खरीदी किया गया ।जिसमें कुल मिलाकर 71552 क्विंटल की खरीदी की गई।

शाखा प्रबंधक ने कहा कि 14 समिति किसानों के द्वारा जिस शाखा के द्वारा भुगतान किया जाता है किसानों की सुविधा को देखते हुए प्रत्येक समितियां के लिए अलग-अलग दिन भुगतान की सुविधा निर्धारित किया जाएगा जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

# साक्षर बनाने गांव में रैली निकालकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



शनिवार को शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व-माध्यमिक विद्यालय दतान (प) में उल्लास नवभारत साक्षरता की ग्राम में रैली निकालकर आगामी 7 दिसंबर 2025 को होने वाले महा परीक्षा अभियान का नारा लगाते हुए महा परीक्षा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग हेतु ग्रामवासियों से आग्रह किया गया साथ ही शिक्षार्थियों को उल्लास केंद्र में समयानुसार उपस्थित होने तथा पढ़ने हेतु प्रेरित किया गया । साथ ही बैगलेस डे के उपलक्ष्य में बच्चों ने स्वप्रेरित होकर नशा मुक्ति रैली निकाली और ग्रामवासियों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों को बताते हुए नशा मुक्त गांव बनाने हेतु प्रेरित किया। उक्त अवसर पर ग्राम प्रमुख श्रीमती अंजली फेकर, पुरुषोत्तम फेकर, सचिव खम्मन वर्मा, देवनाथ वर्मा, मुकेश फेकर, नारायण फेकर, सहदेव साहू, सेवक राम साहू, लखन लाल रात्रे, रोशन वर्मा, किरण ठाकुर, देवकी ध्रुव प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक विद्यालय दतान (प), अनिता रात्रे, संध्या पैकरा, सरस्वती वर्मा, कमलेश साहू, शिव कुमार वर्मा, प्रकाश कुमार सेन, श्रवण साहू, देवेश साहू, तेजराम साहू, सुदेश विश्वकर्मा, अभिषेक महोबे तथा शाला के समस्त स्टाफ व स्वयं सेवी शिक्षक उपस्थित रहे।

# स्कूल परिसर में नशा युक्त समान की बिक्री पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय खरोरा स्कूल परिसर में आबंटित दुकानों में बीड़ी, सिगरेट, और तंबाकू जैसे नशा युक्त समान की बिक्री की जा रही थी। इस बात की जानकारी मिलने पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने पान ठेला संचालित कर रहे दुकानदारों को विद्यालय बुलाकर समझाईस दी और उन्हें चेतावनी दी कि आगे से किसी भी प्रकार का नशा युक्त समान नहीं बेचना है।

शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि स्कूल परिसर में नशा युक्त समान की बिक्री से बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ता है और उनकी स्वास्थ्य को भी खतरा होता है। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे आगे से इस तरह की गतिविधियों से दूर रहें और स्कूल परिसर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में सहयोग करें। दुकानदारों को समझाईस दी और उन्हें चेतावनी दी कि यदि आगे से इस तरह की गतिविधियां पाई गईं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य यज्ञदत्त शर्मा, वरिष्ठ व्याख्याता शाहिना परवीन, शिक्षक सना करीम, कृतिका वर्मा, आबंटित दुकानदार संचालक (पान ठेला) उपस्थित थे।

# प्राथमिक शाला चौरेंगा में मना संविधान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

विगत दिनों प्राथमिक शाला चौरेंगा में संविधान दिवस के अवसर पर 'लोकतंत्र का महत्व' विषय पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम, शाला प्रबंध समिति की अध्यक्ष अहिल्या बाई चौहान द्वारा बाबा साहेब अम्बेडकर के छाया चित्र में पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात शाला के प्रधान पाठक मनीराम साहू द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया तथा उनके द्वारा लोकतंत्र के महत्व पर विस्तार से चर्चा किया गया। जिसमें समानता का अधिकार, लोगों का उत्तरदायित्व, नागरिक भागीदारी सामाजिक और आर्थिक विकास, मानवीय गरिमा, एवं अल्पसंख्यकों की सुरक्षा प्रमुख है। शाला के अन्य शिक्षकों द्वारा भी कुछ विषयों पर संक्षिप्त चर्चा की गई। इस अवसर पर रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। कार्यक्रम में शाला प्रबंध समिति की अध्यक्षा सहित महिला स्व सहायता समुह की महिलाओं सहित लगभग 130 स्कूली बच्चों ने



# हायर सेकंडरी स्कूल कोसरंगी के बैंकिंग विषय छात्रों ने किया बैंक का भ्रमण



**खरोरा ।** व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत हायर सेकंडरी स्कूल कोसरंगी में बैंकिंग विषय संचालित है, राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के आदेशानुसार औद्योगिक भ्रमण कराना होता है जहां पर औद्योगिक भ्रमण हेतु व्यावसायिक प्रशिक्षक सुरेश साहू ने छात्रों को गुल्लू (आरंग) स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र का भ्रमण कराया। जिसमें छात्रों ने बैंक में होने वाले कार्यों एवं गतिविधियों को जाना बैंक के शाखा प्रबंधक अनामित्रा दास द्वारा एवं अन्य कर्मचारियों ने छात्रों को बैंकिंग गतिविधि के बारे में अवगत कराया, छात्रों को रकम जमा करना, रकम निकालना, आरटीजीएस, एनईएफटी, चेक, एटीएम, बायोमेट्रिक सत्यापन, एवं ब्याज दरों के बारे में जानकारी प्रदान किया गया । स्कूल प्राचार्य अनिता कुंती लकड़ा एवं शाखा प्रबंधक सर ने छात्रों को उज्वल भविष्य शुभकामनाएं देते हुए कहा की विजिट करने से बैंकिंग में होने वाले कामों को अच्छे से सीख रहे हैं साथ ही साथ ही कौशल क्षमता में वृद्धि हो रही एवं भविष्य में रोजगार की दिशा में आगे बढ़ रहे है।

# विद्यार्थियों ने बैंक, पोस्ट ऑफिस थाना व स्वास्थ्य-केंद्र का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

विकासखंड बिलाईगढ़ के समीपस्थ शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला डोकरीडीह के छात्र-छात्राओं द्वारा गत दिवस ब्लॉक मुख्यालय बिलाईगढ़ का शैक्षिक एवं व्यावसायिक भ्रमण किया गया ।शैक्षिक भ्रमण में विकासखंड मुख्यालय बिलाईगढ़ में स्थित छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बडौदा, पोस्ट ऑफिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पुलिस थाना, समलाई मंदिर, गार्डन एवं बिलाईगढ़ में निर्मित सूती वस्त्र के कपड़े एवं साड़ी निर्माण आदि का भ्रमण किया । बच्चों द्वारा पोस्ट ऑफिस पहुंचकर अपने द्वारा लाए गए लिफाफा, पोस्टकार्ड एवं अंतर्देशी पत्रों को पोस्ट किया तथा एक पत्र साला परिसर में आहाता निर्माण के लिए सरपंच के नाम स्पीड पोस्ट भी किया । इस दौरान पोस्ट मास्टर बिलाईगढ़ द्वारा पोस्ट ऑफिस के विभिन्न योजनाओं के बारे में बच्चों को जानकारी प्रदान की गई।



### उपचार एवं जांच के संबंध में बच्चों ने जाना

बैंक ऑफ़ बड़ौदा बच्चों को बताया गया की शासन से प्राप्त होने वाले विभिन्न अनुदान बैंक ऑफ बड़ौदा से आहरण कर शाला में आवश्यकतानुसार व्यय किया जाता है। इसके पश्चात समलाई मंदिर का दर्शन किया गया एवं गार्डन में ही दोपहर का भोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर विभिन्न वार्डों का अवलोकन किया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में होने वाले उपचार एवं जांच के संबंध में चिकित्सकों द्वारा बच्चों को अवगत कराया गया । पुलिस थाना पहुंचकर बच्चों ने थाना का अवलोकन किया।

**महेत्तर लाल देवांगन के मार्गदर्शन में बच्चों ने किया शैक्षिक भ्रमण:** थाने में उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों द्वारा बंदी गृह, माल खाना ,कंप्यूटर रूम, मोहर्रिर कक्षा आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए विभिन्न धारा एवं घटनाओं का जिक्र करते हुए बच्चों को अवगत कराया गया। बिलाईगढ़ नगर में निर्मित होने वाले सूती कपड़े एवं साड़ी निर्माण के गतिविधियों का भी बारीकी से बच्चों द्वारा अवलोकन किया गया । यह शैक्षिक भ्रमण शिक्षक महेत्तर लाल देवांगन के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक मिडिल साधमति मिरी, प्रधानपाठक प्राथमिक चौथ राम कैवर्त्य, शिक्षक कमल देवांगन, सहायक शिक्षक कोमल प्रसाद साहू, स्कूल सफाई कर्मचारी वीरेंद्र साहू उपस्थित रहे।

# जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत विषय पर महाविद्यालय में व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

- सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक योगदान पर विद्यार्थियों को शिक्षित किया



राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय सिमगा में शनिवार को जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत, ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान" विषय पर एक महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनजातीय समाज की ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक समृद्धि, सामाजिक संरचना तथा आध्यात्मिक जीवन-दृष्टि से विद्यार्थियों एवं शैक्षणिक समुदाय को परिचित कराना था।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर से पधारे प्रतिष्ठित विद्वान डॉ. गिरिजाशंकर गौतम थे। उन्होंने अपने प्रभावशाली व्याख्यान में जनजातीय समाज के प्राचीन ज्ञान, उनकी वैज्ञानिक चेतना, औषधीय परंपरा, कलात्मक अभिव्यक्तियाँ और सामाजिक समरसता पर विस्तृत एवं रोचक जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने यह भी बताया कि जनजातीय समुदाय भारतीय संस्कृति का आधारस्तंभ है और उनकी जीवन शैली प्रकृति एवं मानवता दोनों के संरक्षण का संदेश देती है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने इस व्याख्यान को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम की सुचारू व्यवस्था एवं संचालन में सुनीता साकेत द्वारा उत्कृष्ट मंच संचालन किया गया जिसकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम का औपचारिक समापन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीरू लाल बरगाह तथा कार्यक्रम संयोजिका अर्चना कुजूर द्वारा किया गया। दोनों ने मुख्य वक्ता, प्रतिभागियों और सहयोग करने वाले सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
28 नवम्बर 2025
SHOW TIME
तेरे इश्क में
शो समय - 12:00,3:00, 6:00, 9:00 PM
गैंग्स ऑफ रायपुर (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
मस्ती 4
शो समय - 3:00, 6:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# विधायक इंद्र साव ने किया धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण व दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

विधायक इंद्र साव ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण के दौरान शुक्रवार को निपनिया धनेली मोपका संग्रहण केंद्र पहुंचकर वहां की अब तक की स्थिति का जायजा लिया। वहीं उन्होंने संबंधित प्रभारियों को सख्त लहजे में हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी किसान का धान निर्धारित वजन से ज्यादा का तौल ना करे। इस दौरान अनेक किसानों ने अव्यवस्था को लेकर विधायक से शिकायत भी करी।

विधायक इंद्र साव राज्य शासन द्वारा की जा रही धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण करते हुए शुक्रवार को निपनिया धनेली मोपका केंद्र पहुंच कर वहां की जा रही खरीदी का निरीक्षण किया।इस दौरान वहां उपस्थित किसानों से उन्होंने चर्चा करते हुए धान बिकी,तौल,भुगतान को लेकर उनकी बातों को गंभीरता से सुना,इस दौरान विधायक साव ने धान खरीदी केंद्रों में किसानों को पर्याप्त मात्रा में सुविधा ना मिलने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि किसान हमारे अन्नदाता है,उन्हें किसी प्रकार की तकलीफ ना हो इस बात की जवाबदारी संबंधित केंद्र के प्रभारी की है। उन्होंने किसानों का धान तौलाई के समय हमालों के द्वारा किसानों से सुखत के नाम पर ज्यादा धान ना तौला जाए,इस बात को सभी व्यवस्थापक गंभीरता से ले।

### पिछले सप्ताह भी विधायक ने जाहिर की थी नाराजगी

विदित हो कि गत सप्ताह धान खरीदी प्रारंभ होते ही विधायक साव ने सिमगा क्षेत्र के सोसायटियों का निरीक्षण किया था जहां उन्होंने किसानों को हो रही असुविधा के लिए नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों से चर्चा की थी। विधायक साव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के धान को पूरा खरीदने से बचने के लिए नए नए नियम लागू कर किसानों को परेशान कर रही है,उन्होंने कहा कि खुद का खेत,खुद की फसल उसके बाद आधार कार्ड का लोचा मंडियों में लगाकर सरकार की करनी और कथनी को उजागर करता है।

### सुखत के नाम पर ज्यादा धान ना तौलने की दी हिदायत



### ये रहे उपस्थित

निरीक्षण के दौरान विधायक प्रतिनिधि जीतू ठाकुर,दिनेश तिवारी,हेमंत वर्मा, खोमेश साहू ,अनुप साहू, चुरावन साहू, महेश साहू, डुपत वर्मा, चेतन निषाद, योगेश पाल, सालिक साहू, मिलाप साहू, गेंदू ध्रुव, नोहर ध्रुव, डोमार ध्रुव, धाजाराम साहू, जलू जायसवाल, डिगेश जायसवाल, सरोज ध्रुव, लीलाराम यादव, मुकेश साहू, मन्नू लाल साहू सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता और किसान उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### साक्षरता अभियान ते तहत निकाली गई रैली

**अर्जुनी** । ग्राम अर्जुनी में उल्लास नवभारत साक्षरता के अभियान पर 7 दिसंबर के अंतर्गत को महापरीक्षा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय अर्जुनी के छात्र-छात्राओं द्वारा साक्षरता रैली निकाला गया छाओं द्वारा साक्षरता पर प्रभावशाली नारे लगा कर लोगों को साक्षरता के प्रति ध्यान आकृष्ट किया और ग्राम नारा भी लगाया गया । इस अवसर पर शिक्षक जयप्रकाश यदु, शिक्षिका मीना देवांगन, अभय लाल ध्रुव, कुन्ती साहू, अन्नपूर्णा ध्रुव उपस्थित रहे।

### विस अध्यक्ष से सौजन्य मुलाक़ात



**सेल।** मरार पटेल समाज के प्रतिनिधि मंडल माननीय गौरी शंकर अग्रवाल पूर्व विधानसभा अध्यक्ष से निज निवास स्थान स्वर्णभूमि रायपुर मेँ सौजन्य मुलाक़ात एवं आशीर्वाद लिया। जिसमें मुख्य रूप से सुरेंद्र कुमार पटेल प्रदेश अध्यक्ष मरार पटेल समाज, डॉ रामचंद पटेल प्रदेश संरक्षक मरार पटेल महासंघ, डॉ राधेश्याम पटेल प्रदेश सचिव मरार पटेल महासंघ, कृष्ण कुमार पटेल पूर्व जिला मंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष राजनीति प्रकोष्ट मरार पटेल महासंघ, कुंजराम पटेल प्रदेश संगठन सचिव मरार पटेल महासंघ, जवाहर लाल पटेल प्रवक्ता मंदिर समिति शिवरीनारायण महावीर प्रसाद।

### भागवत पुराण को मानव कल्याण के लिए रचीः दादूभाई



**खरोरा** । नगर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस में कथाव्यास, व्याकरणचार्य, संस्कृत भाषा के पुनरूथान में संलग्न छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा राज्य अलंकरणमान से सम्मानित डॉ दादूभाई त्रिपाठी जी के द्वारा लोक कल्याणार्थ अपने मुखरविन्द से बताया कि यह श्रीमद्भागवतमहापुराण जीवन के तीनों तपों अर्थात दैहिक, दैविक और भौतिक तपों का शमन करने में सक्षम है। उन्होंने आगे बताया कि भगवान व्यास भागवत पुराण में मानव जीवन के कठिनाईयों को सात प्रश्नों में विभाजित कर उनके उत्तर के स्वरुप में ही भागवत पुराण को मानव कल्याण के लिए रचा। अश्वत्थामा के प्रसंग का वर्णन करते हुए भागवतोपासक ने कहा कि जो जिस संगति में रहता है वह वैसा ही बन जाता है। अन्त में मरणासन्न व्यक्ति को क्या करना चाहिए? इसके उत्तर आगे की कथा प्रसंगों किया जावेगा। इस अवसर पर कथा आयोजक सोनी परिवार बालाजी ज्वेलर्स के परिवारजनों सहित गणमान्य नागरिक सहित नगर के महिला माता बहनों ने कथा श्रवणपान किया।

### प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा शुरू

**कोमाखान।** नवीन शासकीय महाविद्यालय कोमाखान में शुक्रवार से बीए, बीएससी, बी काम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा प्रारंभ हो गई। उक्ताशय की जानकारी देते हुए कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. भूमिका शर्मा ने बताया कि उक्त परीक्षा के अलावा यहां प्रायोगिक परीक्षा भी प्रारंभ हो रही है।

## ज्ञानोदय स्कूल, हिरमी में तीन दिवसीय खेल महोत्सव का भव्य समापन

# खो-खो, कबड्डी और रस्साखींच जैसी प्रतियोगिताओं ने बढ़ाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हिरमी में तीन दिवसीय शालेय स्तरीय खेल महोत्सव का भव्य आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन ने न केवल छात्र-छात्राओं में उत्साह का संचार किया, बल्कि उन्हें खेल भावना और टीम वर्क का महत्वपूर्ण पाठ भी पढ़ाया।

चार ऐतिहासिक दलों में बंटे विद्यार्थी विद्यालय केजी-1 से कक्षा 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों को चार प्रतिष्ठित ऐतिहासिक दलों में विभाजित किया गया था, वीरनारायण सिंह दल,भगत सिंह दल,चंद्रशेखर आजाद दल,सुभाष चंद्र बोस दल सभी दलों ने पूरी ऊर्जा और जोश के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। उत्साहवर्धक प्रतियोगिताओं की भरमार महोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने पारंपरिक और मजेदार दोनों तरह की प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य रूप से खो-खो, कबड्डी, और रस्सा खींच जैसी टीम स्पर्धाओं में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।

इसके अतिरिक्त, कुर्सी दौड़, लंबी दौड़, जलेबी दौड़, बोरा दौड़, और सुई-धागा दौड़ जैसी मजेदार दौड़ों ने पूरे परिसर को हंसी और तालियों की गड़गड़ाहट से भर दिया। प्रत्येक दल ने अपने खिलाड़ियों का चयन कर, खेल के मैदान पर उच्च स्तरीय खेल कौशल दिखाया।सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों, खेल प्रभारियों, निर्णायक मंडल और सम्पूर्ण विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गईं। यह आयोजन विद्यार्थियों के जीवन में एक अविस्मरणीय और प्रेरणादायक अनुभव बनकर समाप्त हुआ।

### छात्रों में खेल भावना और टीम वर्क का उत्साहवर्धक संचार



### प्रमुख आयोजक और निर्णायक मंडल ने किया सफल संचालन

संचालन और निर्णायक मंडल का सटीक कार्य मंच संचालन की जिम्मेदारी हेमन्त वर्मा ने संभाली। उनके मधुर और ऊर्जावान उद्घोषों ने प्रतिभागियों और दर्शकों में लगातार नव जोश पैदा किया। निर्णायक मंडल (एम्पायर) में हरिश वर्मा, अजय निर्मलकर, आर. के. बंजारे, और श्यामसुंदर वर्मा शामिल थे, जिन्होंने निष्पक्षता और सटीकता के साथ सही निर्णय देकर खेल की गरिमा को बनाए रखा। विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी मैदान पर उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। सफल आयोजन पर बधाई तीन दिवसीय खेल महोत्सव के समापन पर, आभार प्रदर्शन किया गया।

### शिक्षा का एक अनिवार्य अंग है खेलः प्राचार्य वर्मा

प्राचार्य और खेल प्रभारियों का प्रेरणादायक उद्बोधन कार्यक्रम के दौरान, विद्यालय के प्राचार्य पी. आर. वर्मा ने खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एक प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन में अनुशासन, स्वास्थ्य और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। यह शिक्षा का एक अनिवार्य अंग है। खेल प्रभारी शैल वर्मा और ललित वर्मा ने सभी प्रतिभागियों को 'खेल को खेल की भावना' से खेलने और हार-जीत से ऊपर उठकर भागीदारी को महत्व देने पर जोर दिया।

## मेरे घर से एक रोटी अभियान से घायल गौमाताओं को मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

श्री हरि टीम एनिमल और हॉली हार्ट स्कूल खरोरा के संयुक्त प्रयास से मेरे घर से एक रोटी घायल गौमाता के नाम पहल का सफल आयोजन किया गया। इस अनूठे अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों और उनके परिवारों में पशु-सेवा, करुणा तथा सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करना है। अभियान की जानकारी स्कूल के अभिभावकों को दी गई, जिसके बाद सभी माता-पिता ने उत्साहपूर्वक अपने बच्चों के साथ एक-एक रोटी भेजकर सहयोग प्रदान किया। स्कूल परिसर में बच्चे पंक्तिबद्ध होकर रोटियाँ समर्पित करते दिखाई दिए, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि नन्हें विद्यार्थियों ने सेवा और दया जैसे मूल्यों को सहजता से अपनाया। शिक्षकों ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को बताया कि पशुओं की सहायता करना मानवता का महत्वपूर्ण हिस्सा है। वहीं, श्री हरि टीम ने जानकारी देते हुए कहा कि एक-एक रोटी उन घायल और भूखी गौमाताओं तक पहुँचाई जाती है, जिन्हें सड़क दुर्घटनाओं या अन्य कारणों से चोट लगने के बाद गौधाम में लाकर उपचार दिया जाता है।

## करमदा में हुआ मितानिनों का सम्मान



**रवान** । ग्राम पंचायत करमदा में मितानिन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें सभी मितानिनों को श्रीफल व शाल भेंट कर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर सरपंच सरस्वती वर्मा, उप सरपंच राजकुमार ढीढी व पंचगण वगणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## पेंशनर भवन में गूंजा राम नाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

मानस प्रवचन का आयोजन छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ भाटापारा के तत्वावधान में सुभाष बाजार स्थित पेंशनर भवन में श्री रामचरितमानस प्रवचन का आयोजन किया गया जिसमें अमेठी उत्तर प्रदेश से पधारे पंडित रामदेव दास महाराज जी रामायणी ने मनु शतरूपा प्रसंग के माध्यम से जीवन उपयोगी साधन सूत्र दिए।

कथा व्यास जी ने बताया कि कलियुग में श्री राम नाम जप ही मुक्ति का एकमात्र परम उपाय है ।उन्होंने भगवान की दिव्य छवि का भी सुंदर निरूपण किया। पंडित रामदेव दास जी रामायणी के सारगर्भित विवेचनों से उपस्थित पेंशनर भाव विभोर हो गए। अंत में सुंदर भजन के साथ कथा को विराम दिया गया।

- कलियुग में राम नाम जप को बताया मुक्ति का सर्वोत्तम मार्ग

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर रघुनाथ प्रसाद पटेल अध्यक्ष, दिलीप सिंह बिसेन, प्रकाश जाधव, कमल नारायण यदु, सुरेश कुमार बाजपेई, भागीरथी वर्मा, बाबूलाल निषाद, बंसी यादव दतरेगी, शिवकव खोखली, सनत यादव, झाल सिंह पटेल, उनके पिता पटेल जी, गणपत वर्मा सहित बड़ी संख्या में पेंशनर एवं मानस प्रेमी उपस्थित रहे।

## नवोदय विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम, पौधारोपण व प्रतिभा सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन



क्षेत्र के विधायक संदीप साहू कार्यक्रम के अध्यक्ष थे और गुरु खुशवंत सिंह मुख्य अतिथि जवाहर नवोदय विद्यालय के परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम वृक्षारोपण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 27 नवंबर को था। इस कार्यक्रम में दोनों ने 17 -17 मिनट के उद्बोधन दिया।

- विधायक संदीप साहू और गुरु खुशवंत सिंह ने छात्रों को किया प्रेरित
- कार्यक्रम की शुरूआत देर से हुई और समयाभाव में ही हुई कुछ प्रस्तुतियां

अ प ने उद्बोधन में सबसे पहले विधायक ने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए छात्रों को हिंदुस्तान से निकलने में सबसे पहले सन 1985 में त त्का ली न प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने नवोदय विद्यालय खोले अमृतसर और जयपुर में पहला स्कूल खोला गया और आज 650 नवोदय विद्यालय के स्कूल है प्रदेश में भी शिक्षा के क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अहम भूमिका निभाई है। वहीं अपने 17 मिनट के भाषण में गुरु खुशवंत साहेब ने भारत माता की जय जयकार लगाते हुए कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय की पढ़ाई करने वाले छात्रों की सम्मान करते हैं, वे छात्र सौभाग्यशाली हैं राष्ट्र के निर्माण में हमेशा आगे आते हैं इसमें वर्तमान प्रधानमंत्री पीएम मोदी शिक्षा के प्रति सोच अच्छा रखते हुए पीएम श्री के नाम से करते हुए टेक्नोलॉजी से भरपूर स्मार्ट क्लास डिजिटल तरीके से शिक्षा का बढ़ावा कर रहे हैं वहीं वर्तमान मुख्यमंत्री प्रदेश के विष्णु देव साय भी अच्छी शिक्षा को प्राप्त करने के लिए अनेक प्रकार से सुविधा मुहैया कर रहे हैं।

### विद्यालय में हुआ पौधारोपण

दोपहर 12 का कार्यक्रम 5:30 बजे प्रारंभ हुआ पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में वृक्षारोपण सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन आमंत्रण पत्र में दोपहर 12 बजे आयोजित होने की सूचना मिली थी किंतु प्रारंभ हुई 5:30 बजे इस बीच उपस्थित लोगों ने इंतजार करते रहे। वृक्षारोपण कार्यक्रम भी सूर्यास्त के बाद होने से चर्चा का विषय रहा सांस्कृतिक कार्यक्रम में जहां छात्रों ने अनेक प्रकार की छत्तीसगढ़ी ददरिया गुजराती पूरे भारतवर्ष के रिती नीति पर प्रस्तुत करना था।

### भाजपा व कांग्रेस दोनों के कार्यकर्ता रहे उपस्थित

समय अभाव के कारण अतिथि के समक्ष सिर्फ दो ही कार्यक्रम प्रस्तुत कर पाए मंच में सिर्फ मुख्य अतिथि एवं अध्यक्षता कर रहे ही उद्बोधन दिए शेष विशिष्ट अतिथि में पवन साहू, शिवमंगल चौहान, इंदू जांगड़े, प्रवीण पांडे, नरेंद्र साहू, किसी ने भी उद्बोधन नहीं दिए मंच का संचालन विद्यालय के ग्रंथपाल राजेदृ सिक्का ने किया स्वागत समारोह में अतिथियों को जवाहर नवोदय विद्यालय के विषय में प्राचार्य बी गिरिजा ने विभिन्न जानकारी दी। समझ में भाजपा मंडल के जितने कार्यकर्ता उपस्थित थे उतने ही कार्यकर्ता कांग्रेस के भी उपस्थित थे। इस बीच सतनामी समाज के गुरु के आगमन पर प्रगतिशील सतनामी समाज के पदाधिकारी के अलावा समाज के अनेक नागरिक उपस्थित थे लेकिन मंत्री के उद्बोधन में बाबा गुरु घासीदास के जयकारा नहीं लगने पर यह भी चर्चा का विषय रहा।

## मंच, भोजनालय, सुरक्षा व पार्किंग सहित सभी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा

# मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का महाधिवेशन 21-22 फरवरी 2026 को चांपा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का आगामी महाअधिवेशन वर्ष 2026 में बलौदाबाजार जिले के ग्राम चांपा में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। सामाजिक महाधिवेशन की तैयारियों की प्रगति का जायजा लेने हेतु 27 नवंबर को प्रस्तावित स्थल चांपा में केंद्रीय एवं राज पदाधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों ने मंच व्यवस्था, आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों के बैठने की व्यवस्था, भोजनालय, पार्किंग, पानी एवं स्वच्छता सहित सुरक्षा प्रबंधन की विस्तृत समीक्षा की। व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए चांपा को महाधिवेशन के लिए उपयुक्त स्थल माना गया और औपचारिक रूप से 21 व 22 फरवरी 2026 को आयोजन निश्चित किया गया।



इस अवसर पर छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप, उपाध्यक्ष मोती राम वर्मा, महामंत्री यशवंत वर्मा, बलौदाबाजार राज प्रधान सुनीता वर्मा, राज मंत्री द्वारिका वर्मा सहित केंद्रीय एवं राज कार्यकारिणी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सामाजिक उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा यह महाधिवेशन

राज प्रधान सुनीता वर्मा ने कहा कि यह महाधिवेशन समाज की एकजुटता, संगठनात्मक सुदृढ़ता एवं सामाजिक उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने समाज के सभी वर्गों से सहयोग और सक्रिय सहभागिता की अपील की। अंत में केंद्रीय एवं राज पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि निर्धारित तिथि पर महाधिवेशन भव्य और ऐतिहासिक रूप में सम्पन्न होगा तथा समाज को नई दिशा प्रदान करने में मील का पत्थर साबित होगा।

